भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4027

18.03.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

पाकिस्तान के साथ वार्ता

4027. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के किसी भी स्तर पर पाकिस्तान के साथ वार्ता प्रक्रिया को पुनर्बहाल करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) से (ख) भारत पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी देश जैसे संबंध चाहता है। हमारी अटल स्थिति यह है कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी तरह के मुद्दों, यदि कोई हों, को आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। इस तरह का अनुकूल माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है कि वह भारत के विरुद्ध किसी भी प्रकार से सीमा-पार से आतंकवाद के लिए अपने नियंत्रणाधीन किसी भी क्षेत्र के उपयोग की अनुमति न दें। इसमें विश्वसनीय, प्रमाणनीय और अपरिवर्त्य कार्रवाई करना भी शामिल हैं।

***